हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 30 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

4 कलेक्टर ने सुलोनी हाईस्कूल में बच्चों को पढ़ाया अंग्रेजी और गणित





# कैंप में जांच के लिए नहीं पहुंची 106 स्कूल बसें, आरटीओ ने किया ब्लैक लिस्टेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**खास बात**
- फ्लाइंग स्क्वाड को इन वाहनों के जांच के दिए गए निर्देश

जिला परिवहन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 106 स्कूल वाहनों को ब्लैकलिस्ट कर दिया है। ये वाहन परिवहन विभाग द्वारा लगाए गए कैंप में जांच के लिए नहीं पहुंचे थे। बार-बार की सूचना और नोटिस के बाद भी वाहन संचालकों द्वारा जांच नहीं कराए जाने पर विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है। इस संबंध में जिला परिवहन अधिकारी अमित प्रकाश कश्यप ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट कमिटी द्वारा निर्धारित स्कूल बस के लिए 16 बिंदुओं के अंतर्गत जांच होती है।



इसके लिए जिला परिवहन विभाग द्वारा 21, 22 और 29 जून को शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में कैम्प का आयोजन किया गया था। जिसमे अनुपस्थित स्कूल बसों को नोटिस जारी किया गया था, लेकिन उसके बाद भी ये वाहन जांच के लिए नहीं पहुंची। ऐसे में इसके खिलाफ अनुशासनात्मक कदम उठाते हुए सभी अनुपस्थित 106 स्कूल बस को वाहन परिवहन पोर्टल में ब्लैकलिस्ट किया गया है और उडऩदस्ता को इनकी सूची देते हुए जांच के लिए निर्देशित किया गया है।

### 11 बसों में मिली खामियां, 55 हजार का लगाया जुर्माना

26 जुलाई को ओपी जिंदल स्कूल और जिंदल यूनिवर्सिटी की बसों की जांच की गई। जिनमें 11 बसों में मानकों के हिसाब से खामियां मिली। जिस पर 55 हजार रुपए का जुर्माना लगाते हुए स्कूल प्रबंधन को वाहनों के अपेक्षित सुधार के लिए निर्देशित किया गया है। ज्ञात हो कि स्कूली बसों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने 16 बिंदुओं में सख्त दिशा-निर्देश दिए हुए हैं। जिनमें बस के रख-रखाव, आवश्यक सुविधाएं ड्राइवर की योग्यता जैसे महत्वपूर्ण पक्ष हैं, जिनका उद्देश्य बस से सफर करने वाले स्कूली छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

## खबर संक्षेप

### 22 वर्षीया युवा ने ऊर्जा के क्षेत्र में हासिल किया पेटेंट



**रायगढ़।** शहर के सोनिया नगर कोतरा रोड निवासी छात्र पार्थ बिस्वास पिता विश्वनाथ बिस्वास ने ऊर्जा के क्षेत्र में प्राप्त किया अपना पेटेंट। इस प्रोजेक्ट को पेटेंट कार्यालय भारत में 10 जुलाई 2025 को दर्ज किया और इसका प्रकाशन 25 जुलाई को हुआ। इस यंत्र का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देना है। यह प्रणाली सौर पैनल को सूर्य की वास्तविक स्थिति के अनुसार एक ही दिशा में घुमाती है, जिससे कि पैनल पूरे दिन भर अधिकतम सूर्यप्रकाश प्राप्त कर सके। इस सिस्टम की विशेषता यह है कि यह सामान्य स्थिर सोलर पैनल की तुलना में 30 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक अधिक ऊर्जा उत्पन्न करने में सक्षम है। इसमें इस्तेमाल किया गया माइक्रोकंट्रोलर और रियल टाइम क्लॉक सूर्य की सटीक स्थिति की गणना कर पैनल को सही दिशा में मोड़ता है, जिससे अधिकतम ऊर्जा प्राप्त हो सके।

### जंगल से भटके चीतल पर कुत्तों ने किया हमला

**रायगढ़।** छाल क्षेत्र के गड़ईनबहरी में जंगल से भटककर गांव के पास आए चीतल पर कुछ कुत्तों ने धावा बोल दिया। कुत्तों ने पहले हिरण को दौड़ाया और थकाकर एक खेत में गिरा दिया। फिर उसे नोचने की तैयारी में थे, लेकिन ऐन वक्त पर गांव के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उसकी जान बचाई। दरअसल गड़ईनबहरी गांव के कुछ ग्रामीण कुत्तों के भौंकने की आवान सुन कर मौके पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने देखा कि एक चीतल कुत्तों से घिरा हुआ है और जान बचाने के लिए छटपटा रहा है। ऐसे में ग्रामीणों ने बिना देर किए लाठी-डंडे लेकर कुत्तों को खदेड़ा। जिससे चीतल की जान बच गई।

### संवरेंगे श्रमिक परिवारों के बच्चों के भविष्य

**रायगढ़।** श्रमिक परिवारों के बच्चों के उज्जवल भविष्य हेतु श्रम विभाग द्वारा अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना का शुभारंभ किया गया है। इस योजना के अंतर्गत भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत श्रमिकों के पहले दो बच्चों को शैक्षणिक सत्र 2025-26 से कक्षा छठवीं में प्रवेश दिलाकर बारहवीं तक की शिक्षा आवासीय विद्यालयों में निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि उक्त योजना का लाभ उन छात्र-छात्राओं को मिलेगा जो कक्षा पाँचवीं में अच्छे अंक प्राप्त कर मेरिट के टॉप.10 में स्थान प्राप्त करेंगे और कोरम समितियों द्वारा चयनित किए जाएंगे। चयनित विद्यार्थियों को सभी प्रकार की शुल्क माफ करते हुए प्रवेश शुल्क, शैक्षणिक शुल्क, गणवेश, पुस्तकें, छात्रावास एवं भोजन की व्यवस्था श्रमिक कल्याण मंडल द्वारा की जाएगी। योजना का लाभ लेने हेतु आवश्यक है कि श्रमिक का नाम भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में कम से कम एक वर्ष पूर्व से पंजीकृत हो तथा बच्चा कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए पात्र हो। योजना केवल प्रथम दो बच्चों पर लागू होगी। आवेदन के साथ जीवन्त श्रमिक पंजीयन कार्डए मूल निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की प्रति, पूर्व कक्षा में उत्तीर्णता की अंकसूची, वर्तमान कक्षा में अध्ययनरत होने का प्रमाण पत्र, पिछली कक्षा की टीण्सीण केवल प्रवेश हेतु, जाति प्रमाण पत्र तथा छात्र-छात्रा का आयु प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा। इस योजना के अंतर्गत आवेदन श्रमिक स्वयं कर सकते हैं या मोबाइल ऐप अथवा नजदीकी श्रम संसाधन केन्द्र या कॉमन सर्विस सेंटर सीएससी के माध्यम से भी योजना आवेदन कर लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

## राजू नगर और खर्राघाट में आंगनबाड़ी केन्द्रों का हाल-बेहाल

**टूटे दरवाजे, सीपेज दीवार और खप्पर से टपकते पानी बयां कर रही दास्तां**

# अति जर्जर और किराए के भवन में संचालित हो रहे आंगनबाड़ी केन्द्र







हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के अधिकांश आंगनबाड़ी केन्द्र जर्जर और किराए के भवन में संचालित हो रहे हैं। महिला बाल विकास विभाग द्वारा इन आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए खुद के भवन की तलाश अब तक नहीं की जा सकी है।

हरिभूमि के रिपोर्टर द्वारा खर्राघाट और राजू नगर के आंगनबाड़ी केन्द्रों का जायजा लेने से पता चला कि यहां का हाल और भी ज्यादा बेहाल है। शहरी क्षेत्रों में होने के बाद भी इन आंगनबाड़ी केन्द्रों में अव्यवस्थाओं का आलम है। टूटे खिड़की-दरवाजे, सीपेज दीवार, उखड़े फर्स, खप्पर से टपकते पानी इन आंगनबाड़ी केन्द्रों की दास्तां बयां कर रहा है।

### 6 बाई 6 के एक कमरे में आंगनबाड़ी संचालित

दरअसल खर्राघाट आंगनबाड़ी केन्द्र मानस भवन सामुदायिक भवन के 6 बाई 6 के एक कमरे में कुछ सालों से संचालित हो रहा है। पहले यह केन्द्र इसी भवन के बड़े हॉल में संचालित होता था, लेकिन उसे पीडीएस दुकान बना देने से आंगनबाड़ी को इस केन्द्र में शिफ्ट कर दिया गया। वर्तमान में यहां 9 बच्चे पढ़ाई करने आते हैं। यहां रेडी टू ईट, या नाश्ता, भोजन में कोई परेशानी नहीं है, लेकिन भवन अत्यधिक जर्जर होने से बच्चों को लेकर एक भय बना रहता है। इसी कमरे में बच्चों को पढ़ाने के साथ-साथ खाना बनाया जाता है। इसके अलावा इतना छोटा कमरा होने के बावजूद सारा सामान यहीं रखने की मजबूरी बनी हुई है। यहां पानी की कोई सुविधा नहीं है, सहायिका द्वारा दूसरे के घर से पानी मांग कर लाया जाता है। इसके अलावा यहां शौचालय भी नहीं है। कुछ माह पहले की खिड़की का छज्जा टूट कर गिर चुका है और बारिश में खिड़की से पानी के छींटे अंदर प्रवेश करते हैं। महिला बाल विकास विभाग द्वारा इस जर्जर भवन और यहां की अव्यवस्थाओं को लेकर कोई पहल नहीं की जा रही है।

### दोनों ही जगहों पर नहीं है खेल मैदान

नियमतः देखा जाए तो आगंनबाड़ी केन्द्रों में सारी सुविधाएं होनी चाहिए और यहां का वातावरण भी अच्छा होना चाहिए। सभी केन्द्रों में बच्चों के खेलने के लिए मैदान होना भी जरूरी है, लेकिन इन दोनों स्थानों पर जगह का शॉर्टेज है तो मैदान कहां से होगा। इस तरह शहरी क्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्र भगवान भरोसे संचालित हो रहे हैं।

### कच्चे मकान में चल रहा आंगनबाड़ी केन्द्र

बेलादुला राजू नगर आंगनबाड़ी केन्द्र की बात करें तो यह एक घर के कच्चे मकान में किराए में संचालित हो रहा है। यहां वर्तमान में 10 बच्चे रजिस्टर्ड हैं। यह कमरा काफी पुराना होने से दीवारों पर सीजेप आ रहा है। इतना ही नहीं बारिश होने पर खप्पर से जोरों से पानी टपकने लगता है, जिससे यहां की कार्यकर्ता और सहायिका सामानों को पानी से बचाएं या बच्चों को मकान मालिक के घर पर रखें, उन्हें संभालना मुश्किल हो जाता है। वर्तमान में यहां माताओं को रेडी टू ईट मिलने में परेशानी आ रही है, क्योंकि कई माताओं का ईकेवाईसी नहीं हुआ है।



# रात में हाथी से दो युवकों का हुआ सामना, गाड़ी छोड़ जंगल में भागे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**खास बात**
- हाथी मित्र दल की टीम ने दोनों को सुरक्षित निकाला

छाल रेंज में बीती रात दो युवकों को अचानक एक नर हाथी से सामना हो गया। जिसके बाद गाड़ी को मौके पर छोडकर दोनों युवक जंगल की ओर भाग गए। हाथी मित्र दल की टीम को इस मामले की सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

जानकारी के अनुसार सोमवार की रात छाल रेंज के अंतर्गत आने वाले ग्राम बोजिया और औरानारा पक्की मार्ग में स्थित कोठीसराई के पास दो युवक जब जंगल के रास्ते से गुजर रहे, इसी बीच एक नर हाथी से उनका आमना-सामना हो गया। हाथी को सामने देखकर युवक घबरा गए और गाड़ी वहीं छोड़कर जंगल की ओर भाग निकले। इस घटना की जानकारी मिलते ही हाथी मित्र दल की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम ने पूरी सतर्कता और सूझबूझ के साथ जंगल से दोनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हाथी मित्र दल और वन विभाग की ओर से ग्रामीणों व जंगल के रास्ते सफर करने वालों से अपील की गई है कि वे रात के समय जंगल के रास्ते आवाजाही करने से बचें। खासकर ऐसे इलाकों से जहां हाथियों की लगातार आवाजाही बरनी रहती है। ज्ञात हो कि छाल रेंज में बीते कुछ महीनों से हाथियों की सक्रियता बढ़ गई है। रात होते ही जंगलों में विचरण करने वाले हाथी गांव के करीब पहुंचने लगे हैं। हाथी मित्र दल टीम के अलावा वन विभाग लगातार हाथियों के मूवमेंट पर निगरानी कर रहा है, लेकिन लोगों की लापरवाही से अक्सर ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं।

### टीम का जताया आभार

दोनों युवकों के सुरक्षित निकल आने पर परिजनों और स्थानीय लोगों ने हाथी मित्र दल के सदस्यों का आभार जताया और कहा कि उनकी तत्परता से जान बची। यह घटना एक बार फिर यह याद दिलाती है कि मानव और वन्यजीवों के बीच दूरी बनाना और सतर्कता बरतना कितना जरूरी है।

# अब भूपदेवपुर मार्ग स्थित परसदा वाटरफाल में रहेगी पुलिस तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले के भूपदेवुपर मार्ग में स्थित ग्राम केराझर परसदा में बरसात के समय प्राकृतिक झरने पर अब पुलिस का पहरा देखा जाएगा। चूंकि इस सौ फीट उंचे प्राकृतिक झरने का पानी बरसात के समय शहर व गांव के लोगों के लिये एक पिकनिक का मजा लेने वाला स्थल बन गया है। इतना ही नही इस जगह पर कुछ युवा शर्त लगाकर उंचाई से कूदते हुए स्टंट दिखाते हैं। दो दिन पहले ही बलौदाबाजार से भी इसी तरह की एक घटना सामने आई थी जब एक युवक प्राकृतिक झरने से कूद रहा था और उंचाई से गिरने के बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बाद से पुलिस ने रायगढ़ के केराझर परसदा स्थल में भी कडाई करने के निर्देश जारी कर दिये हैं। रायगढ़ जिला पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने किसी अनहोनी की आशंका देखते हुए केराझर परसदा के इस झरने स्थल पर आने जाने की रोक लगाने के लिये वहां भूपदेवपुर पुलिस की एक टीम को भेजा है। इस जगह पर जोभी मिल रहे हैं उन्हें झरने में नहाने की मनाही के साथ-साथ आसपास नही रहने की भी समझाईश दी जा रही है।

# एमआईसी की बैठक में 11.41 करोड़ के विकास कार्यों को दी गई स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



मंगलवार की सुबह महापौर जीवर्धन चौहान की अध्यक्षता में मेयर इन काउंसिल की बैठक हुई। बैठक में शहर में 11 करोड़ 41 लाख रुपए से ज्यादा के विभिन्न विकास कार्यों को स्वीकृति दी गई।

सबसे पहले राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना अंतर्गत आए आवेदनों पर चर्चा करते हुए 13 पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने की स्वीकृति दी गई। इसी तरह इंदिरा गांधी वृद्धा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी दिव्यांग पेंशन योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, सुखद सहारा पेंशन योजना के 19 पात्र हितग्राहियों के पेंशन की स्वीकृति दी गई। जल एवं उद्यान विभाग के अंतर्गत 102 प्लेसमेंट कर्मचारियों के लिए प्राप्त निविदा पर चर्चा की गई। इसमें न्यूनतम दर को स्वीकृत किया गया। कार्य की लागत एक करोड़ 65 लाख 10 हजार रुपए है, जिसमें 3.75 एबो दर को स्वीकृति दी गई। इसी तरह लोक निर्माण विभाग उप संभाग रायगढ़ द्वारा ढिमरापुर चौक से कोतरा रोड थाना तक सड़क चौड़ीकरण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति मिली है, जिसमें जल आपूर्ति के लिए बिछाए गए पाइपलाइन का विस्थापन, फीडर एवं डिस्ट्रीब्यूशन के लिए 5 करोड़ 66 लाख रुपए के स्टीमेट को स्वीकृत किया गया। इसी तरह ढिमरापुर चौक से पतरापाली जिंदल मार्ग, उर्दना चौक से सर्किट हाउस चौक तक, रायगढ़ कोतरा नंदेली मार्ग, रायगढ़ लाइंग महापल्ली मार्ग, टीवी टावर से मेडिकल कॉलेज सड़क का लोक निर्माण विभाग रायगढ़ संभाग द्वारा चौड़ीकरण प्रस्तावित है। इसमें जल आपूर्ति के लिए पाइपलाइन विस्थापन के कार्यों के स्टीमेट को स्वीकृत किया गया। इसी तरह वार्ड क्रमांक 19 में 20 लाख लीटर क्षमता के ओवरहेड टैंक एवं फीडर लाइन डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने के लिए 86 लाख 28 हजार रुपए के स्टीमेट को स्वीकृत किया गया। नगर पालिका निगम अंतर्गत स्ट्रीट लाइट मरम्मत संधारण के लिए विभिन्न वाट के एलईडी लाइटए एल्युमिनियम वायरए एक एवं तीन फेस टाइमर आदि के लिए एक करोड़ 26 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई। ट्रांसपोर्ट नगर स्थित रिक्त 2 गोदाम एवं चार दुकानों का आवंटन हेतु ऑफर दर आमंत्रण को स्वीकृत किया गया। निगम क्षेत्र के अंतर्गत आवश्यकता को देखते हुए विभिन्न मरम्मत, संधारण, सौंदर्यीकरण कार्य, उद्यान विकास कार्य, आदर्श मुक्तिधाम निर्माण कार्य, पाइपलाइन, सीवर लाइन शिफ्टिंग, ऑक्सीजोन निर्माण जैसे 12 कार्यों को स्वीकृति दी गई।

### 1.27 करोड़ से कयाघाट पुल पर होगा सड़क निर्माण

केलो विहार कयाघाट मार्ग के केलो नदी पर पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण कार्य एक करोड़ 27 लाख से होगा। इसके रेखण में वाटर सप्लाई, सीवरेज पाइप लाइन, विद्युत पोल शिफ्टिंग एवं अन्य संरचना को विस्थापित करने संबंधित एजेंडा को स्वीकृत किया गया। इसी तरह आर्किटेक्टए इंजीनियरिंग, स्ट्रक्चर और इससे रिलेटेड सर्विस संबंधित कार्य को स्वीकृत किया गया।

**मेडिकल मोबाइल यूनिट में उपलब्ध इलाज व सुविधाओं का लिया गया जायजा**

# औचक निरीक्षण कर एमएमयू में कमिश्नर ने कराई डेंगू जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने मंगलवार को मेडिकल मोबाइल यूनिट में उपलब्ध इलाज एवं ब्लड यूरीन सुविधाओं का जायजा लेने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं का डेंगू सहित बीपी शुगर अन्य जांच कराई।

सोमवार की दोपहर निगम आयुक्त श्री क्षत्रिय धोबीपारा पुलिया के पास स्थित मेडिकल मोबाइल यूनिट पहुंचे। पूर्व में कमिश्नर श्री क्षत्रिय द्वारा एमएमयू में उपलब्ध इलाज, जांच एवं अनुबंध के अनुसार सुविधा और व्यवस्थाओं से संबंधित समीक्षा की थी। इस दौरान बहुत सारे कमियां भी पाई गई थी, जिसे जल्द दूर करने के निर्देश दिए गए थे। इसी तरह कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने सभी एमएमयू में डेंगू, सिकल सेल, मलेरिया एवं टाइफाइड की जांच सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। निर्देश के तहत एमएमयू की सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं में सुधार की जांच करने कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया।



सबसे पहले उन्होंने एमएमयू में उपलब्ध इलाज एवं विभिन्न बीमारियों से संबंधित ब्लड यूरीन जांच सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान एम एम यू के डॉक्टर एवं स्टाफ द्वारा अनुबंध के अनुसार सभी तरह के इलाज एवं जांच सहित निशुल्क दवाइयां उपलब्ध होने की बात कही गई। इसपर कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने स्वयं का रजिस्ट्रेशन करा कर डेंगू, शुगर, एलएफटी, आरएफटी, सीबीसी आदि जांच कराई स इसमें डेंगू नेगेटिव एवं सभी जांच नॉर्मल रही। कमिश्नर सी क्षत्रिय ने कहा कि वर्तमान में मौसमी बीमारियों के मरीज ज्यादा आते हैं। मौसमी बीमारियों के इलाज से संबंधित पूर्ण सुविधा दवाइयां का स्टॉक रखने के निर्देश दिए गए।

इसी तरह लक्षणों को देखकर मरीजों का डेंगू, सिकलसेल, मलेरिया एवं टाइफाइड जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एमएमयू में डेंगू, मलेरिया, सिकल सेल, टाइफाइड की जांच शहरवासियों को उनके घर के पास निशुल्क एवं त्वरित इलाज के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे गरीब एवं मिडिल क्लास लोगों का निशुल्क जांच एवं इलाज उपलब्ध होगा और उन्हें जांच एवं इलाज में अतिरिक्त खर्च नहीं करना पड़ेगा। इससे उनका समय और धन दोनों की बचत होगी। कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने शहरवासियों से शासन की इस महत्वपूर्ण योजना से अधिक से अधिक संख्या में निशुल्क जांच एवं इलाज की सुविधा का लाभ उठाने की अपील की है।

### मेडिकल मोबाइल यूनिट में 41 तरह की निःशुल्क जांच सुविधा उपलब्ध

एमएमयू में शुगर, एलएफटी, आरएफटी, सीबीसी, लिपिड प्रोफाइल, कैल्शियम, सिरम, यूरिक एसिड, विटामिन, इलेक्ट्रोफ्रोरेसिस, यूरिन कल्चर, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड, सिकल सेल सहित विभिन्न बीमारियों के 41 तरह की जांच की निशुल्क सुविधा उपलब्ध है। इसमें 12 प्रकार के जटिल जांच को बाहर भेजा जाता है, जिसके रिपोर्ट आने में चार दिनों का समय लगता है। इसपर कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने सभी तरह की जांच यही के लैब सेंटर से अनुबंध करने और त्वरित जांच रिपोर्ट एवं इलाज सुविधा लोगों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### अधिकारियों-कर्मचारियों का प्रशिक्षण 5 अगस्त को

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा ई-ऑफिस ऑनबोर्डिंग पश्चात जिला कार्यालय के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों का प्रशिक्षण वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से 5 अगस्त 2025 को प्रातः 11.00 बजे से 1.00 बजे तक आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जिला कार्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिलेवार वीडियो कांफ्रेसिंग से जुड़ने हेतु भी निर्देशित किया गया है। कलेक्टर ने सर्व कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित करते हुए कहा है कि निर्धारित तिथि को नियत समय पर स्वयं अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ ई-ऑफिस के प्रशिक्षण हेतु वीडियो कांफ्रेसिंग से अनिवार्यतः रूप से जुड़ना सुनिश्चित करेंगें।

### आशा समूह की महिलाएं बनी आर्थिक रूप से मजबूत

**जशपुर।** जिले के दुलदुला विकासखंड में बिहान योजना अंतर्गत गठित आशा महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं ने यह सिद्ध कर दिखाया है कि संगठन, समर्पण और सहयोग से किस प्रकार आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाया जा सकता है। आज ये महिलाएं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, दुलदुला में अस्पताल रसोई संचालन का दायित्व कुशलता से निभा रही हैं और इसके माध्यम से न केवल मरीजों को पौष्टिक और समय पर भोजन मिल रहा है, बल्कि समूह की सदस्याएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं।
समूह की सदस्य श्रीमती ज्ञानमुनि लकड़ा बताती हैं कि बिहान योजना से जुड़ने के बाद उन्हें न केवल प्रशिक्षण मिला, बल्कि समूह के माध्यम से लोन लेकर उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की रसोई का ठेका लिया। अब वे प्रतिदिन मरीजों के लिए स्वच्छ, संतुलित और गुणवत्तापूर्ण भोजन बनाती हैं। इस कार्य से हर महिला सदस्य को प्रति वर्ष लगभग 60,000 की आय हो रही है। वे कहती हैं कि, "हम पहले सिर्फ घर की जिम्मेदारी निभाते थे, आज समूह के माध्यम से आय भी हो रही है और आत्मविश्वास भी बढ़ा है।"

### विभिन्न पदों हेतु चयन एवं प्रतीक्षा सूची जारी

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत जिला एवं जनपद स्तर के विभिन्न पदों पर 21 जुलाई 2025 को कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार आयोजित किया गया था। जिसमें उपस्थित अभ्यर्थियों की कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार उपरांत चयन एवं प्रतीक्षा सूची जारी किया गया है। जिसकी सूची जिला पंचायत के सूचना पटल पर प्रकाशित किया गया है। साथ ही जिले के वेबसाईट पर अपलोड किया गया है।

### जिले में अब तक 7018.4 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 7018.4 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 29 जुलाई तक की स्थिति में 4874.5 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 18.8 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 757.0 मिमी, मनोरा में 894.3 मिमी, कुनकुरी में 999.1 मिमी, दुलदुला में 422.8 मिमी, फरसाबहार में 585.1 मिमी, बगीचा में 727.1 मिमी, कांसाबेल में 684.9 मिमी, पत्थलगांव में 602.6 मिमी, सन्ना में 825.6 मिमी एवं बागबहार में 519.9 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

### पांच दिनों के अंधेरे के बाद करबला रोड पर लौटी रोशनी

**जशपुरनगर।** बिरसा मुंडा चौक से करबला तक की सड़क पर बीते पांच दिनों से पसरा अंधेरा अब इतिहास बन गया है। "करबला रोड पांच दिनों से अंधेरे में" शीर्षक से समाचार प्रकाशित होने के बाद नगर प्रशासन हरकत में आया और बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कार्य को प्राथमिकता देते हुए तत्काल शुरू करवा दिया। स्थानीय निवासी प्रदीप तिग्गा सहित कई नागरिकों ने नगर पालिका व संबंधित वार्ड पार्षद के इस त्वरित और सकारात्मक कदम की सराहना की है। अब इस मार्ग पर फिर से रोशनी लौट आई है, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिली है। अंधेरे के कारण जहां राहगीरों व वाहन चालकों को असुरक्षा की चिंता थी।

---

ऑपरेशन अंकुश के तहत पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# पुलिस को चकमा देकर फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

जिले की पुलिस ने एक बार फिर अपनी सक्रियता और सूझबूझ का परिचय देते हुए बहुचर्चित 'ऑपरेशन अंकुश' के तहत एक फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पुलिस अभिरक्षा से फरार हुए बागे अकरम उर्फ गुड्डू को पुलिस ने रविवार को सीतापुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।

■ पांच बाइक चोरी के मामलों में था शामिल

आरोपी पर चोरी के कुल पांच मामलों में स्थाई वारंट जारी था। यह वही आरोपी है, जो मार्च 2025 में पेशी पर अंबिकापुर लाए जाने के दौरान बस स्टैंड से पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। इसके बाद से पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में गठित टीम ने आरोपी की लोकेशन ट्रेस करने के लिए तकनीकी सर्विलांस, मुखबिर तंत्र और लगातार दबिश का सहारा लिया। आरोपी बागे अकरम गिरफ्तारी से बचने के लिए बैकुंठपुर और सरगुजा के अलग-अलग क्षेत्रों में छिपता फिर रहा था। वह लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था। किसी के संपर्क में नहीं था,लेकिन रविवार को पुलिस को पुख्ता सूचना मिली कि वह सीतापुर क्षेत्र में एक बस में देखा गया है। सूचना मिलते ही पत्थलगांव पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। 17 मार्च 2025 को आरोपी को जशपुर जेल से अंबिकापुर न्यायालय में पेशी हेतु ले जाया जा रहा था। पेशी के बाद जब पुलिस उसे लेकर लौट रही थी, उसी दौरान अंबिकापुर बस स्टैंड में भीड़ का फायदा उठाकर वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। इस मामले में थाना अंबिकापुर में बीएनएस की धारा 262 के तहत फरारी का केस दर्ज किया गया था।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**ऑपरेशन अंकुश रहेगा जारी:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि पत्थलगांव क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं से जनता में असुरक्षा की भावना थी। ऐसे मामलों के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी पुलिस की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। 'ऑपरेशन अंकुश' के अंतर्गत अपराधियों की धरपकड़ जारी रहेगी।

#### पांच बाइक चोरी का मामला था दर्ज

आरोपी के विरुद्ध पत्थलगांव थाने में अलग-अलग पांच मोटरसाइकिल चोरी के मामले दर्ज थे, जिनमें सभी मामले वर्ष 2024 के शुरुआत में दर्ज किए गए थे। ये सभी घटनाएं पत्थलगांव नगर क्षेत्र की थीं, जहां मोटरसाइकिलें सरेआम भीड़भाड़ वाले इलाकों से चोरी हो गई थीं। चोरी गई गाड़ियों में सीजी 14 एमआर 5874 नेहल अग्रवाल, बस स्टैंड पत्थलगांव, सीजी 13 एफ 8179 छतर साय चौहान, बुलडेगा, सीजी 14 एमजी 0194 कलेप खलखो, नंदन झरिया, सीजी 14 एमके 1166 शिवकुमार यादव, कोयला फैक्ट्री गली एवं सीजी 14 एमके 0717 सहदेव एक्का, पतरापाली शामिल है। इन सभी मामलों में थाना पत्थलगांव में धारा 379 भा.दं.वि. के तहत अपराध दर्ज था।

#### पहले भी गिरफ्तार हो चुका है आरोपी

इन बाइक चोरी के मामलों में बागे अकरम उर्फ गुड्डू को पहले भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका था। उसके कब्जे से पुलिस ने सभी मोटरसाइकिलें भी बरामद की थीं। फरारी के बाद से वह न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था, जिस पर अदालत ने उसके विरुद्ध स्थाई वारंट जारी कर दिया था।

#### इनका रहा योगदान

आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी निरीक्षक विनीत कुमार पांडे, प्रधान आरक्षक मिथलेश यादव, आरक्षक आशीषन टोप्पो और तुलसी रात्रे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

---

## उपेक्षित पड़ा वन डिपो अतिक्रमण की चढ़ा भेंट, वन विभाग मौन



**कोतबा।** कारगिल चौक पर स्थित वन डीपो वन विभाग की उदासीनता से उपेक्षित पड़ा है। यहां वनकर्मियों के लिये बनाये गए भवन तो है,लेकिन देखरेख के अभाव में जर्जर पड़ा है। वनविभाग के कर्मियों के नहीं रहने से चारों ओर गंदगी है। डीपो के चारों ओर छोटे-बड़े दुकानदार अतिक्रमण कर दुकानदारी कर रहे है लेकिन वन विभाग अभी तक कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है.वनकर्मियों के नहीं रहने से आसपास के जंगलों से अवैध कटाई हो रही हैं. नगर में खुलेआम लकड़ियों का गोरखधंधा चल रहा है। एक ओर पूरे देश में सरकार की ओर से लोगों को वन संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए सरकार की ओर से वन महोत्व व अन्य कई प्रकार के कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं ।

■ दाह संस्कार के लिये भी नहीं है लकड़ी

#### लकड़ी की व्यवस्था कराता हूं

नियमित वनकर्मियों के नही रहने के कारण अतिक्रमण हो गया है। कर्मियों के नहीं रहने से वन डीपो ग्राम पंचायत जामझोर में बनाया गया है। अतिक्रमण हटाने के लिए जिले के शीर्ष अधिकारी और नगर पंचायत से सहयोग लिया जाएगा। दाह संस्कार के लिये लकड़ी की व्यवस्था करवाता हूं।
-कृपासिंधु पैंकरा, रेंजर पत्थलगांव

#### वैधानिक कार्रवाई की जाएगी

आपके माध्यम से सूचना प्राप्त हुई है। मामले की जांच कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।
-शशि कुमार सिंह, वनमण्डलाधिकारी जशपुर

---

## दोकड़ा में शाला प्रवेश उत्सव के साथ सरस्वती सायकल योजना व निःशुल्क पुस्तक वितरण

**जशपुरनगर।** दोकड़ा के शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दोकड़ा में शिक्षा को प्रोत्साहन देने हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के कक्षा पहली में नवप्रवेशित 80 विद्यार्थियों तथा कक्षा 9वीं के 93 विद्यार्थियों को सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल वितरित किए गए। इसके साथ ही कुल 140 विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें भी प्रदान की गईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पत्थलगांव की विधायक व सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष गोमती साय उपस्थित रहीं।उनके साथ जिला पंचायत सदस्य हीरामती पैंकरा, जिला उपाध्यक्ष ठाकुर पुरूषोत्तम सिंह, जनपद उपाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, पूर्व मण्डल अध्यक्ष दिनेश प्रसाद, महामंत्री उपेन्द्रनाथ साय, गुलाब सिंह, सत्यनारायण ,प्राचार्य सलमोन तिर्की आदि उपस्थित थे।


नि:शुल्क पुस्तक पाकर खुश हुए नौ– निहाल।

#### राज्य सरकार का उद्देश्य शिक्षा को घर-घर तक पहुंचना

कार्यक्रम के दौरान विधायक श्रीमती गोमती साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं का उद्देश्य शिक्षा को हर घर तक पहुंचाना तथा विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि सायकल और किताबें विद्यार्थियों के लिए एक नई ऊर्जा का कार्य करेंगी, जिससे वे आगे बढ़कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन कर सकें।

---

## राज्य स्तरीय एडवांस स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन प्रशिक्षण शिविर का समापन

**सरसीवां।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खम्हरिया जिला सारंगढ बिलाईगढ़ में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग के राज्य अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल, राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव के मार्गदर्शन तथा जिला मुख्य आयुक्त अजय गोपाल के निर्देशन में सात दिवसीय एडवांस स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन एवं रोवर रेंजर लीडर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन रखा गया।

शिविर के समापन के पूर्व संध्या पर विशाल शिविर ज्वाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला संघ के सदस्य महेंद्र केजरीवाल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाउमावि खम्हरिया के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष शबदराम यादव ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सदस्य कान्हा अग्रवाल, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष टेकराम साहू, समाजसेवी नारायण साहू, दरसराम टंडन आदि उपस्थित थे। शिविर ज्वाल कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा ज्वाल प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर शिविर प्रतिवेदन का वाचन शिविर संचालिका गाइड एवं राज्य संयुक्त सचिव श्रीमती शिवानी गणवीर ने किया। उन्होंने बताया कि 7 दिनों तक चलने वाली इस शिविर में पांच जिलों के 39 स्काउट, 12 गाइड्स, 9-9 रोवर-रेंजर कुल 69 शिविरार्थी सम्मिलित हुए। शिविर संचालक स्काउट गिरीश कुमार पाढ़ी ने स्काउटिंग संबंधी जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि प्रशिक्षण के दौरान नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, झंडा गीत, राष्ट्रीय गान, चिन्ह, सेल्यूट, बाया हाथ मिलाना, बीपी सिक्स, गांठे, ध्वज की जानकारी, अनुमान लगाना, सिग्नल, प्राथमिक उपचार, हाइक आदि का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान प्रशिक्षणार्थी के रूप में शामिल हुए गाइड कैप्टन स्नेहा डड़सेना एवं रोवर लीडर कमलेश साहू ने शिविर में प्राप्त अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि प्रशिक्षण से न सिर्फ आत्मविश्वास बढ़ा है बल्कि स्काउटिंग गतिविधियों को संचालित करने के लिए एक नई ऊर्जा मिली है। मुख्य अतिथि महेंद्र केजरीवाल ने कहा कि नवगठित जिले में राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन होना जिले की बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान का उपयोग बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं बेहत्तर नागरिक बनाने में करने की अपील की। जिला आयुक्त अजय गोपाल ने स्काउटिंग की उत्तरोत्तर वृद्धि की लिए शुभकामनाएं प्रदान की।



---

## खेतों में छिड़काव कर किसानों को नैनो डीएपी उपयोग का बता रहे तरीका

**रायगढ़।** कृषि विभाग द्वारा किसानों को नैनो डीएपी की प्रयोग विधि से अवगत कराने के लिए खेतों में नैनो डीएपी छिड़काव का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज रायगढ़ विकासखंड के ग्राम.बनसिया में कृषक कुंजबिहारी चौधरी के धान के खेतो में नैनो डीएपी का प्रदर्शन कराया गया और किसानों उपयोग का तरीका बताया गया।

इस दौरान उप संचालक कृषि अनिल वर्मा, अभिषेक पटेल, ग्राकृविअ मनोज कुमार साव एवं दयाशंकर नायक, प्रतिनिधि इक्को कंपनी, भूपेन्द्र पाटीदार, ड्रोन पायलेट, आकाश गुप्ता, कृषक जयनाथ पटेल, ग्राम बनसियां एवं आसपास के आये कृषकगण उपस्थित रहे। वहां उपस्थित कृषकगणों से नैनो डीएपी तरल की उपयोगिता प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं अन्य विभागीय योजनाओं के बारे में किसानो को बताया गया तथा समस्याओं का तत्काल निराकरण हेतु संबंधितो को उप संचालक कृषि के द्वारा निर्देशित किया गया।



#### ये है नैनो डीएपी उपयोग की विधि

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नैनो डीएपी तरल में 8 प्रतिशत नाईट्रोजन तथा 16 प्रतिशत फास्फोरस निहित है नैनो डीएपी तरल से बीज जड कन्द उपचार करने के बाद फसल की कांतिक अवस्थाओं पर आवश्यकता अनुसार एक दो पर्णिय छिड़काव करने से परंपरागत डीएपी के प्रयोग में 50 मिली तक की कटौती की जा सकती है। नैनो डीएपी तरल का प्रयोग बीजोपचार हेतु 5 मिली प्रति किलो बीज 20.30 मिनट तक जड़ो कंदो में 50 मिली मात्रा 10 लिटर पानी में घोलकर 15.20 मिनट तक डुबाकर तथा पर्णिय छिड़काव 30.35 दिन की अवस्था में 4 मिली नैनो डीएपी तरल प्रति लीटर पानी में घोलकर वान कांतिक अवस्था एवं फूल आने के समय छिड़काव कर सकते है।

---

## ग्राम दर्रामुड़ा में झूला रथ यात्रा महोत्सव

**रायगढ़।** खरसिया के ग्राम दर्रामुड़ा में 27 जुलाई को सार्वजनिक रूप से झूला रथ यात्रा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसने पूरे क्षेत्र में एक नई परंपरा की शुरुआत कर दी। रविवार को गौतम चौक में आयोजित यह कार्यक्रम पूर्णतः भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हुआ, जिसमें ग्रामवासियों के साथ-साथ आसपास के गांवों से भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

सुबह से ही चौक में चहल पहल शुरू हो गई थी। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की विधिवत पूजा अर्चना के साथ सुबह की शुरुआत हुई और शाम को रथ यात्रा निकाली गई। चौक पर अत्यंत सुंदर झूला तैयार किया गया था, जिसमें भगवान को विराजमान कर झुलाया गया। जैसे ही भगवान को झूले में झुलाया गया, पूरा चौक जय जगन्नाथ के जयघोष से गूंज उठा। महिलाओं ने थाल सजाकर पूजा की, युवाओं ने व्यवस्था संभाली और बच्चों ने उल्लास से माहौल को और भी आनंदमय बना दिया। यह आयोजन केवल एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं बल्कि ग्राम की एकजुटता, आस्था और संस्कृति का उत्सव बन गया।



इस आयोजन की नींव करीब एक माह पूर्व डाली गई थी, जब गांव के वरिष्ठजनों और युवाओं ने मिलकर यह निर्णय लिया कि इस बार ग्राम में सार्वजनिक झूला रथ यात्रा महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इसके बाद युवाओं ने मिलकर तैयारियों की कमान संभाली और लगातार दिन रात मेहनत कर रथ यात्रा की रूपरेखा तैयार की। चौक की साफ सफाई, झूले का निर्माण, सजावट, भगवान की मूर्तियों की व्यवस्था और सांस्कृतिक कार्यक्रम की रूपरेखा सब कुछ गांव के ही युवाओं ने किया। शनिवार तक पूरी तैयारियां पूरी कर ली गई थी और रविवार सुबह से ही पूरे गौतम चौक में मेले जैसा दृश्य बन गया था। श्रद्धालु अपने परिवार सहित सुबह से ही पूजा.अर्चना के लिए पहुंचने लगे थे। छत्तीसगढ़ी संस्कृति की अनुपम झलक महोत्सव में दिखाई दी, जब कर्मा नृत्य की मांदर और झांझ की थाप पर लोक कलाकारों ने प्रस्तुति दी। युवाओं द्वारा आमंत्रित की गई यह टोली जब मंच पर आई तो लोग मंत्रमुग्ध हो गए। पूजा और सांस्कृतिक कार्यक्रम एक साथ चलते रहे और श्रद्धालु भक्ति और लोक संस्कृति के संगम में डूबे रहे।

रथ यात्रा महोत्सव के दौरान गांव में मेला जैसा वातावरण रहा। छोटे छोटे बच्चों से लेकर महिला पुरुषों तक ने अपनी अपनी दुकानें लगाईं। कहीं खिलौनों की दुकानें सजी थीं, तो कहीं चाट समोसे, फुचका, मिठाई और शरबत की दुकानों पर भीड़ लगी थी। पूरे चौक में लोक पर्व जैसा दृश्य था।

---

## जनदर्शन में सुनी गई आमजनों की समस्याएं, निराकरण के निर्देश



**रायगढ़।** जिला कलेक्टर चेंबर प्रतीक्षा कक्ष में सोमवार को जनदर्शन का आयोजन किया गया।

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जनदर्शन में अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आम नागरिकों की समस्याएं मांगें और शिकायतें गंभीरतापूर्वक सुनीं और उनका नियमानुसार शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। जनदर्शन में ग्राम कोतरा की श्रीमती पारनो खलखो ने बीपीएल राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करती हैं। आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय होने के बावजूद उन्हें अब तक राशन कार्ड का लाभ नहीं मिल सका है। इस पर अपर कलेक्टर ने मामले को प्राथमिकता में लेते हुए संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।

ग्राम सेंदरीपाली के खगपती पटेल ने जनदर्शन में पहुंचकर ट्रैक्टर दुर्घटना में मृत अपने पुत्र के मुआवजे की लंबित राशि शीघ्र दिलवाने की मांग की। ग्राम कौवाताल के सरपंच एवं ग्रामीणों ने गांव में विद्युत संबंधी समस्या बताई और नियमित बिजली व्यवस्था बहाल करने की मांग की। वहीं ग्राम चीतापाली के ग्रामीणों ने मनरेगा कार्यों में अनियमितता की शिकायत करते हुए जांच की मांग रखी।

---

पीएम जनमन योजना के कार्यों को प्राथमिकता से करने के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने ली जनपद पंचायत सीईओ की समीक्षा बैठक

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्टेरोट समाकक्ष में जनपद पंचायत सीईओ एवं एनआरएलएम के अधिकारियों की बैठक लेकर विभाग द्वारा संचालित विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार भी मौजूद रहे।

■ ग्राम उत्कर्ष योजना के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश

बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री जनमन योजना और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना के तहत संचालित विकास कार्यों को प्रमुखता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे आवासों का नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं गुणवत्ता के साथ समयसीमा में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने आदर्श ग्राम निर्माण पर जोर देते हुए कहा की इन ग्रामों में पहुंच मार्ग, जरूरी अधोसंरचना निर्माण, स्वास्थ्य सुविधाएं, आंगनबाड़ी केंद्र सहित सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराया जाना है। कलेक्टर श्री व्यास ने प्रधानमंत्री जनमन योजनाअंतर्गत बहुउद्देशीय केंद्रों के निर्माण की प्रगति की जानकारी ली और इसे जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण सचिवालय के नोडल अधिकारियों को स्कूलों को सतत रूप से निरीक्षण कर शिक्षकों एवं बच्चों की उपस्थिति, स्कूलों की साफ-सफाई, शाला भवन की स्थिति एवं स्कूल पहुंच मार्ग की जानकारी लेने एवं इसमें आवश्यक सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद पंचायत सीईओं को साप्ताहिक बैठक लेकर प्राप्त सभी आवेदनों को समयबद्ध निराकरण करने को कहा। मनरेगा की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सभी कार्यों को निर्धारित समय में पूर्ण करने तथा श्रमिकों को समय-सीमा के भीतर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण की प्रगति की जानकारी ली और डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट के तहत किए जा रहे कार्यो को सतत रूप से जारी रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनपद पंचायत सीईओ को उनके विभाग अंतर्गत किए जा रहे प्रत्येक निर्माण कार्यो को समीक्षा करने के निर्देश दिए और कहा कि अगर भुगतान में कोई विसंगति पाई जाती है तो उस पर सख्त कार्रवाई करें।


जनपद पंचायतों के सीईओ की बैठक लेते कलेक्टर।

---

## किसानों को मिला खाद


कोतबा सोसायटी से खाद ले जाते किसान।

**कोतबा।** सोसायटी में हप्ते भर से नही दिया जा रहा खाद, रोजाना ,डीएपी यूरिया लिए बगैर बैरंग लौट रहे क्षेत्र भर के किसान के शीर्षक से हरिभूमि ने खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। जिसका असर देखने को मिला मंगलवार को प्रबंधक गोविंद यादव ने किसानों की समस्याओं का निराकरण करते हुए खाद का वितरण किया साथ ही नैनो यूरिया व डीएपी का भी वितरण किसानों को किया गया साथ ही आदिम जाति सेवा ससहकारी समिति मर्यादित कोतबा के प्रबंधक गोविंद यादव ने बताया की सर्वर सुधार होते ही सभी किसानों को प्राथमिकता क्रम में परमिट जारी कर खाद का वितरण सुचारू कर दिया गया है।


सोसायटी में सप्ताह भर से नहीं मिल रहा खाद
खाद के लिए कोतबा सोसायटी पहुंचे किसान।
कोतबा। धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ के जिले में सबसे अधिक धान उत्पादन करने वाले अन्नदाता किसानों को खाद के लिए बीते एक हफ्ते से सोसायटी के चक्कर लगाने पड़ रहे है।
आदिम जाति सेवा ससहकारी समिति मर्यादित कोतबा में बीते एक हफ्ते से किसानों को खाद नहीं मिल
जल्द खाद वितरण कराया जाएगा

29 जुलाई के अंक में प्रकाशित खबर।



# अमिताभ ने शेयर की फिल्म शोले की पुरानी टिकट

**मुंबई।** दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन अपने ब्लॉग और सोशल मीडिया पर अक्सर दिलचस्प बातें शेयर करते हैं। हाल ही में उन्होंने एक फिल्म की टिकट का फोटो शेयर किया है। यह टिकट उन्ही की फिल्म शोले का है। इसकी कीमत 20 रुपए है। अमिताभ ने सोमवार सुबह अपने निजी ब्लॉग पर अपनी कई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिनमें से एक में टिकट भी था। अभिनेता ने बताया कि आज एक पेय की कीमत उतनी ही है, जितनी पहले टिकटों की होती थी। उन्होंने कैप्शन में लिखा शोले का टिकट संभाल कर रखा गया है। इसकी कीमत 20 रुपए है। मुझे बताया गया है कि आजकल सिनेमाघरों में एक ड्रिंक की कीमत यही है।

लाइफ Style

# मेधा

## बॉर्डर 2 में बनेंगी वरुण धवन की प्रेमिका

फ्राइडे नाइट प्लान, इश्क इन द एयर, डांसिंग ऑन द ग्रेव और लंदन फाइल्स में अपने दमदार अभिनय से सबको चौंकाने वाली अभिनेत्री मेधा राणा बॉर्डर 2 में बॉलीवुड स्टार वरुण धवन की प्रेमिका की भूमिका निभाती नजर आएंगी।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मेधा के चुनाव को लेकर निर्माता भूषण कुमार ने कहा, 'हमारे लिए किसी ऐसी अभिनेत्री को ढूंढना बेहद जरूरी था जो स्वाभाविक रूप से उस क्षेत्र की भाषा, भाव और असली माहौल को फिल्म में सही तरीके से दिखा सके। मेधा ने अपनी काबिलियत से सबको प्रभावित किया, खासकर क्षेत्र की बोली, बोलने के तरीके, और अभिनय में भावों की गहराई ने सभी को चौंका दिया। हमें पूरा विश्वास है कि मेधा इस रोल में बिल्कुल परफेक्ट है।' बता दें कि मेधा सैन्य परिवार से आती है। प्रोड्यूसर निधि दत्त ने कहा कि बॉर्डर 2 सिर्फ एक फिल्म नहीं है, बल्कि एक भावना है। इसमें गहरा एहसास और अटूट जज्बा है। मेधा को कास्ट करने के बारे में उन्होंने कहा, 'फिल्म में डायरेक्टर से लेकर सभी कलाकारों का चुनाव इस वजह से किया गया है ताकि एक ऐसी कहानी दिखाई जा सके जो सच्ची और प्रेरणादायक लगे। मेधा राणा और वरुण धवन साथ मिलकर फिल्म में एक नई ताजगी लाएंगे, यह जोड़ी कहानी को खूबसूरत बना देगी। मेधा राणा की उम्र 24 साल बताई जा रही है। उनका जन्म 25 दिसंबर 1999 को गुरुग्राम में हुआ है। हालांकि, उनकी पढ़ाई-लिखाई चंडीगढ़ और बेंगलुरु में हुई है।




## हॉलीवुड मसाला



# स्टेज शो में अचानक उतर गई स्कर्ट

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सिंगर और एक्ट्रेस जेनिफर लोपेज ने 25 जुलाई को पोलैंड के वारसॉ में अपना कॉन्सर्ट कर रही थीं। इसी दौरान ये हादसा हुआ। जेनिफर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में जेनिफर स्टेज पर अपनी बेस्ट परफॉर्मेंस दे रही थीं। इस दौरान सिंगर ने एक गोल्डन कलर की शॉर्ट स्कर्ट पहली थी, जो अचानक ही स्टेज पर सबके सामने ढीली होकर नीचे गिर गई। इससे वो काफी घबरा जाती हैं, लेकिन जेनिफर ने वार्डरोब मालफंक्शन को बहुत ही अच्छे से हैंडल किया।



# सैयारा के टाइटल ट्रैक ने जस्टिन बीबर को पछाड़ा

**मुंबई।** आईएमडीबी की टॉप 10 सिलेब्रिटीज़ में मोहित सूरी के साथ-साथ 'सैयारा' के कलाकार अहान पांडे और अनीत पड्डा ने भी टॉप पर जगह बना ली है। हॉलीवुड गानों की और यहां भी सैयारा ने ही बाजी मार ली है। अहान और अनीत की ये फिल्म दुनिया भर में तहलका मचाए हैं। इसका अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि सैयारा ने जस्टिन बीबर, बिली इलिश, ब्लैकपिंक और ब्रूनो मार्स जैसे सितारों को भी पछाड़ दिया है। सैयारा की सफलता का सिलसिला अभी थमता नहीं दिख रहा। फहीम अब्दुल्ला द्वारा गाए और हिटमेकर तनिष्क बागची के लिखे इस फिल्म के टाइटल ट्रैक ने न केवल भारतीय रेडियो पर धूम मचाई है, बल्कि दुनिया भर के ऑडियंस का दिल भी जीत लिया है। सैयारा का टाइटल ट्रैक ऑफिशियली स्पॉटिफाई के ग्लोबल वायरल 50 चार्ट में टॉप पर पहुंचने वाला पहला भारतीय सॉन्ग बन गया है।



# देवदास देख लिया अभिनेत्री बनने का फैसला

**नई दिल्ली।** एली अवराम उन चुनिंदा एक्ट्रेसेज में से हैं जो बाहर से भारत आईं और यहां अपने दम पर पहचान बनाई। उनकी खूबसूरती, डांस और मासूमियत ने लोगों को खूब पसंद आया। फिल्म किस किसको प्यार करूं और रियलिटी शो बिग बॉस से उन्होंने बॉलीवुड में अच्छी पहचान बनाई। एली का जन्म 29 जुलाई 1990 को स्वीडन के स्टॉकहोम में हुआ था। वो स्वीडिश-ग्रीक मूल की हैं। बचपन से ही उन्हें डांस और एक्टिंग का शौक था। एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि जब वो सिर्फ 14 साल की थीं, तब उन्होंने शाहरुख खान की फिल्म देवदास देखी थी। उसी दिन उन्होंने सोच लिया था कि उन्हें बॉलीवुड में काम करना है। एली अवराम टूरिस्ट वीजा लेकर बॉलीवुड में यानी मुंबई में आई थीं। यहां उन्होंने हिंदी बोलना सीखा, ऑडिशन दिए और धीरे-धीरे इंडस्ट्री में जगह बना ली।




# वॉर-2 की रिलीज से पहले हो गई बंपर कमाई

**नई दिल्ली।** ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की मोस्ट अवेटेड फिल्म वॉर 2 को लेकर बॉलीवुड में काफी क्रेज है। कहा जा रहा है कि 400 करोड़ में बनने वाली ये फिल्म 15 अगस्त के मौके पर रिलीज होने जा रही है। एक तरफ जहां वॉर 2 ने रिलीज से पहले ही लोगों में इसे देखने का क्रेज बढ़ता जा रहा है वहीं, फिल्म ने रिलीज होने से पहले ही मेकर्स की लॉटरी निकाल दी है। दरअसल, वॉर 2 के तेलुगु वर्जन को मेकर्स ने 90 करोड़ रुपए में बेचने में कामयाबी हासिल की है। कहा जा रहा है कि टॉलीवुड के मशहूर फिल्म मेकर नागा वामसी ने वॉर 2 के तेलुगु वर्जन के राइट्स 90 करोड़ में खरीद लिए हैं। ऐसे में सबसे ज्यादा फायदा जूनियर एनटीआर को होता दिख रहा है, क्योंकि अगर फिल्म हिट होती है तो जूनियर एनटीआर नागा वामसी के साथ हैट्रिक लगाते दिखेंगे।

## टीवी मसाला



# 1000 एपिसोड पार करने वाला पहला शो था 'एक महल हो सपनों का'

**नई दिल्ली।** एक वक्त ऐसा था, जब लोग टीवी से चिपके रहते थे। उस पर आने वाले सभी धारावाहिकों को चाव से देखते थे। वह उन सीरियल में इतना घुल जाते थे कि उस कहानी को सच मान बैठते थे। उसके साथ ही हंसते थे और उसके साथ ही रो पड़ते थे। एक धारावाहिक कई सालों तक चलते थे, जिनसे ऊब भी नहीं होती थी। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' और 'कहानी घर घर की' जैसे डेली सोप ने टीवी की दुनिया में लंबे समय अपनी धाक जमाए रखी। लेकिन इसके पहले भी एक शो आया था, जिसने इसे टक्कर दी थी। और 1000 एपिसोड पूरा करने का रिकॉर्ड बनाया था। उसने इतिहास रचा था। हम बात कर रहे हैं सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर आने वाले शो 'एक महल हो सपनों का' की। यह शो अपने समय का सबसे लंबे समय तक चलने वाला भारतीय टीवी धारावाहिक माना जाता था। ये 25 जनवरी, 1999 को शुरू हुआ था और 29 नवंबर, 2002 को ऑफ एयर हुआ था। यह कुल 2 साल और 10 महीने तक चला था। 'एक महल हो सपनों का' शो हिट गुजराती सीरीज 'सपना ना ववेतार' का हिंदी रीमेक था, जो 1996 से 1997 तक डीडी गुजराती पर आता था। हिंदी वाला धारावाहिक, उससे ज्यादा समय तक टीवी पर प्रसारित हुआ था। शो के डायरेक्टर विपुल शाह ने 'दैनिक भास्कर' को बताया था कि दर्शक शो के सभी किरदारों से बहुत ज्यादा कनेक्टेड हो गए थे। 'क्रेज इतना ज़्यादा था कि लोग सिर्फ़ इस शो को देखने के लिए अपनी दुकानें बंद कर देते थे।'

## कपिल शर्मा के शो पर परिणीति के साथ बिना जूतों के पहुंचे राघव

**नई दिल्ली।** परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा इस बार कपिल शर्मा के मेहमान बने हैं। द ग्रेट इंडियन कपिल शो के अपकमिंग एपिसोड के प्रोमो वायरल हैं। इसमें राघव और कपिल की टीम के बीच मजेदार बातचीत दिख रही है। शो में राघव नंगे पैर पहुंचते हैं इस पर कपिल उनके मजे लेने की कोशिश करते हैं। इस पर राघव ने बताया कि वह शो पर आ रहे थे तो स्टेज के पीछे उनके जूते चोरी हो गए। कुछ देर में जूते चुराने वाले भी वहां पहुंच गए। कपिल शर्मा के शो पर पॉलिटीशियन राघव चड्ढा पहुंचे तो उनके पैरों में जूते नहीं थे। कपिल ने उनसे मजाक में कहा कि क्या राघव ने मन्नत मांगी थी कि परिणीति से शादी हो जाएगी तो कपिल के शो पर नंगे पैर जाएंगे। इस पर राघव ने बताया कि उनके जीते स्टेज के पीछे चोरी हो गए। इसके बाद कीकू शारदा और कृष्णा अभिषेक जूते लेकर आ जाते हैं और राघव को जीजू बोलकर उनसे पैसों की डिमांड करते हैं।



# पौराणिक एक्शन फिल्म महावतार नरसिम्हा ने मचाई धूम ...

**नई दिल्ली।** बॉक्स ऑफिस पर सैयारा के तूफानी प्रदर्शन के बीच 25 जुलाई को सिनेमाघरों में एक ऐसी फिल्म रिलीज हुई, जिसने दर्शकों के दिलों में सीधे जगह बना ली और उस फिल्म का नाम है 'महावतार नरसिंह'। यह फिल्म पिछले तीन दिनों से लगातार हाउसफुल चल रही है। सैयारा को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। महज 35-40 करोड़ में बनकर तैयार हुई इस फिल्म ने अब तक वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर कुल 372.71 करोड़ की कमाई कर तहलका मचा दिया है। वहीं, सैयारा के बाद 25 जुलाई को रिलीज हुई एनिमेटेड फिल्म 'महावतार नरसिंह' ने भी बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की। पहले दिन से लेकर अब तक यह फिल्म सिनेमाघरों में हाउसफुल चल रही है। इस फिल्म को देखने लोग अपने पूरे परिवार के साथ सिनेमाघर पहुंच रहे हैं। पहले दिन जहां इस फिल्म की कुल कमाई 1.35 करोड़ हुई थी, वहीं दूसरे दिन 3.25 करोड़ और फिर दिन यानी रविवार को इसकी कमाई लगभग 6.50 करोड़ रही। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हिंदी में 'महावतार नरसिम्हा' का तीन दिनों का कुल कलेक्शन अब 11.35 करोड़ रुपए हो गया है। 'महावतार नरसिम्हा' एक महाकाव्य पौराणिक एक्शन फिल्म है, जिसका निर्देशन अश्विन कुमार ने अपने निर्देशन में किया है। यह फिल्म जयपूर्ण दास द्वारा लिखित और क्लेम प्रोडक्शंस व होम्बले फ़िल्म्स द्वारा निर्मित है।



यह फिल्म राक्षस हिरण्यकश्यप पर केंद्रित है, जो भगवान विष्णु से बदला लेना चाहता है और स्वयं को भगवान घोषित करता है। उसका पुत्र, प्रह्लाद, विष्णु का भक्त है। राक्षस को हराने और संतुलन बहाल करने के लिए विष्णु नरसिंह के रूप में प्रकट होते हैं।

# आशीर्वाद ने मेरे हृदय को शांति से भर दिया : सनी देओल

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सनी देओल इन दिनों अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बॉर्डर 2' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच सनी ने सोमवार सोशल मीडिया हैंडल पर दलाई लामा के साथ एक शानदार तस्वीर शेयर की है। इस खास तस्वीर के साथ सनी ने एक भावुक नोट भी लिखा है। सनी देओल ने आज इंस्टाग्राम पर अपनी और दलाई लामा की एक खास तस्वीर शेयर की है। इस शानदार तस्वीर के साथ सनी ने कैप्शन में बेहद ही भावुक नोट लिखा, 'बहुत सम्मान और कृतज्ञता का पल। लद्दाख की शांत वादियों में परम पावन दलाई लामा से मुलाकात हुई। उनकी मौजूदगी, ज्ञान और आशीर्वाद ने मेरे मन को शांति दी। यह पल सचमुच अविस्मरणीय है।' सनी की इस खास पोस्ट के बाद फैंस ने भी जमकर कमेंट कर अपना प्यार बरसाया है। एक फैन ने लिखा, मेरा असली हीरो, एक फैन ने लिखा, सनी पाजी जय श्री राम, एक फैन ने लिखा, वाह...शानदार...आपसे बहुत प्यार करता हूं, एक फैन ने लिखा, ये वो हाथ हैं, जिन्होंने पाकिस्तान का हैंडपंप उठाया था, इन हाथों को सलाम पालजी, लव यू, एक फैन ने लिखा, गुरु से बड़ा ना कोई होए, एक फैन ने सनी की फिल्म गदर का डायलॉग लिखा, हिंदुस्तान जिंदाबाद था, जिंदाबाद है और जिंदाबाद रहेगासनी देओल आखिरी बार फिल्म 'जाट' में नजर आए



थे। अब सनी जल्द ही 'बॉर्डर 2' में नजर आएंगे। यह फिल्म 23 जनवरी, 2026 को रिलीज हो सकती है। इस फिल्म में सनी देओल के अलावा दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, और वरुण धवन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन अनुराग सिंह कर रहे हैं। यह भारतीय सशस्त्र बलों की पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म है।

## ये फिल्में न केवल मनोरंजक हैं, बल्कि सोचने पर भी करती हैं मजबूर

# ओटीटी पर हिंदी में देखिए दिमाग को झकझोर देने वाली ये तमिल फिल्में

*__मुंबई।__ ओटीटी पर अगर आपकी तलाश कुछ ऐसे एक्शन और थ्रिलर ड्रामा की है, जो दिल और दिमाग पर छा जाए, तो जरा इन 5 फिल्मों पर गौर कीजिएगा। ये तमिल सुपरस्टार की धनुष की टॉप 5 फिल्में हैं, जो ओटीटी पर हिंदी में उपलब्ध हैं। वेंकटेश प्रभु कस्तूरी राजा उर्फ धनुष। कहना गलत नहीं होगा कि भारतीय सिनेमा में इस वक्त जितने भी सितारे हैं, धनुष उन सभी में किसी ध्रुव तारे की तरह हैं। वो, जो दिखने में भले ही 'आम' हो, लेकिन उसकी काबिलियत सबसे 'खास' है। वो, जो पर्दे पर खून-खराबा और एक्शन की बजाय, अपनी दिल छू लेने वाली एक्टिंग से मजमा लूटता है। वो, जो सफेद शर्ट और नीले पैंट में पीठ पर स्कूल बैग टांग लेता है, तो हर दिल 'कुंदन' बन जाता है। वो, जो 'शमिताभ' में गूंगा बनकर महानायक अमिताभ बच्चन को मात दे देता है। धनुष, वैसे तो तमिल फिल्मों में मुख्य रूप से काम करते हैं, लेकिन उन्हें पर्दे पर देखकर हिंदी के दर्शकों का भी दिल धड़कने लगता है। धनुष ने अपने फिल्मी कॅरियर में 50 से अधिक फिल्मों में काम किया है। चार बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीत चुके हैं। इसमें दो बार एक्टर के तौर पर, तो दो बाद फिल्म निर्माता के रूप में। वह 14 बार सीमा अवॉर्ड, 8 बार फिल्मफेयर अवॉर्ड जीत चुके हैं। इतना ही नहीं, प्रतिष्ठित 'फोर्ब्स इंडिया' की 'सेलिब्रिटी 100' लिस्ट में 6 बार जगह पा चुके हैं।*

**वडा चेन्नई :** धनुष के कॅरियर की सबसे तगड़ी रेटिंग वाली फिल्म 'वडा चेन्नई' है, जो साल 2018 रिलीज हुई थी। यह एक तमिल क्राइम ड्रामा है। फिल्म के राइटर और डायरेक्टर दिग्गज वेत्रिमारन हैं। 'वडा चेन्नई' का मतलब है उत्तरी चेन्नई। फिल्म में धनुष ने अंबू का किरदार निभाया है। कहानी के मुताबिक, अंबू एक जबरदस्त कैरम प्लेयर है। वह अपनी जिंदगी दोस्तों और इस खेल के साथ बड़ी सादगी से बिता रहा है। लेकिन जाने-अनजाने वह दो राइवल गैंगस्टर्स के बीच के गैंगवार में उलझ जाता है। इसके बाद कहानी में क्या होता है, यह जानने के लिए आपको फिल्म देखनी पड़ेगी।

**असुरन :** साल 2019 में रिलीज असुरन को अगर धनुष की अब तक की बेस्ट फिल्म कहा जाए, तो गलत नहीं होगा। यह एक पीरियड एक्शन ड्रामा है। इस फिल म को भी वेत्रिमारन ने ही डायरेक्ट किया है। कहानी एक उपन्यास 'वेक्कई' से ली गई है, जिसे पूमनी ने लिखा है। फिल्म में धनुष के साथ मंजू वारियर, केन करुणास और तीजय अरुणासलम मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म ने 67वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में दो अवॉर्ड जीते। पहला बेस्ट फीचर फिल्म का और दूसरा धनुष को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला। 'असुरन' की कहानी एक वंचित जाति के किसान परिवार की है। इस किसान के बेटे से एक अमीर और ऊंची जाति के जमींदार की हत्या हो जाती है। फिल्म में आगे एक शांति की जिंदगी बिताने वाले किसान की अपने गुस्सैल बेटे को बचाने की जद्दोजहद है। लेकिन, मर्म, इतना ही नहीं है। यह फिल्म वर्ग संघर्ष, जाति और भेदभाव पर भी गहरी चोट करती है।

## धनुष की वो फिल्में, जिन्हें देख आलोचक भी हो गए चुप

खैर, अब जब बात धनुष की हो रही है तो उनकी उन टॉप-5 फिल्मों की भी बनती है, जिसे सबसे अधिक प्यार मिला। ये वो फिल्में हैं, जिन्हें आईएमडीबी पर उनकी 50 से अधिक फिल्मों की लिस्ट में सबसे तगड़ी रेटिंग मिली है। ये वो फिल्में हैं, जिन्हें देखकर दर्शक तो दर्शक, फिल्म समीक्षक और आलोचक भी धनुष के मुरीद हो गए। खास बात ये है कि ये सभी 5 फिल्में ओटीटी पर हिंदी में उपलब्ध हैं।



**कर्णन :** 'असुरन' की तरह ही धनुष की 'कर्णन' भी जाति संघर्ष की कहानी बयां करती है। साल 2021 में रिलीज इस तमिल एक्शन ड्रामा के डायरेक्टर मारी सेल्वराज हैं। फिल्म में धनुष के साथ राजिशा विजयन, लाल, योगी बाबू, लक्ष्मी प्रिया चंद्रमौली और नट्टी सुब्रमण्यम भी हैं। कहानी के केंद्र में कर्णन है, जो एक छोटी जाति के समुदाय से ताल्लुक रखता है। हालात, कुछ ऐसे बनते हैं कि पुलिस कर्णन के समुदाय पर बर्बरता की हद तक जुल्म ढाती है। कर्णन अपने लोगों के अधिकार के लिए खड़ा होता है और न्याय की लड़ाई लड़ता है।

***पुधुपेट्टई :*** *आईएमडीबी पर 'पुधुपेट्टई' धनुष की तीसरी फिल्म है, जिसे 8.4 रेटिंग मिली है। साल 2006 में आई यह एक तमिल क्राइम एक्शन फिल्म है। इसके राइटर और डायरेक्टर सेल्वाराघवन हैं। फिल्म में धनुष लीड रोल में हैं और उनका नाम कोक्की है। उनके अलावा सोनिया अग्रवाल और स्नेहा भी स्पोर्टिंग कास्ट में हैं। 'पुधुपेट्टई' एक झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले छात्र की कहानी है, जो रोजी-रोटी चलाने के लिए चेन्नई में एक खूंखार गैंगस्टर बन जाता है।*

***आदुकलम :*** *'आदुकलम' धनुष की एक और बेजोड़ फिल्म है, जो बॉक्स ऑफिस पर पर भी सुपरहिट रही और जिसे समीक्षकों ने भी खूब तारीफ दी। साल 2011 में रिलीज इस तमिल ड्रामा के डायरेक्टरर वेत्रिमारन हैं। फिल्म में धनुष के साथ तापसी पन्नू हैं। यह तापसी की पहली फिल्म थी। इनके अलावा कास्ट में किशोर, वीआईएस जयपालन, नरेन नारायणन और मुरुगादॉस भी हैं। खास बात यह है कि 'आदुकलम' को 58वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में 6 अवॉड्र्स मिले थे। 'आदुकलम' की कहानी में मुर्गों की लड़ाई है। इसमें पेरियासामी उर्फ पेट्टईकरन और इलाके का पुलिस इंस्पेक्टर रत्नास्वामी दो राइवल हैं। मुर्गों की लड़ाई में अक्सर पेट्टई ही जीतता है, क्योंकि वह मुर्गों की तगड़ी परख रखता है।*

## खबर संक्षेप



### योगासन प्रतियोगिता में दीपांशु ने मारी बाजी

**तमनार।** ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी रायगढ़ पूंजीपथरा में 10 वर्ष से 55 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं पुरुष वर्ग का राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता 25, 26, 27 जुलाई को संपन्न हुआ, जिसमें 33 जिलों के योगासन खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में दीपांशु पटेल 18 से 21 वर्ष ने भाग लिया और प्रथम स्थान के रूप में गोल्ड मेडल प्राप्त कर योग सेवक अकैडमी रायगढ़ का नाम रोशन किया। अब दीपांशु पटेल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। योग सेवक अकैडमी की ओर से अशेष, हार्दिक मंगल शुभकामनाएं एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई है।

### शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी ने बांटे रेनकोट

**बिलाईगढ़।** ग्राम खुसरुपाली विकासखंड बागबाहरा जिला महासमुंद में जाकर ग्राम के निर्धन वर्गों के महिला व पुरुषों को शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ संस्था के संस्थापक संजयकुमार मैथिल अध्यक्ष श्रीमती मीना भारद्वाज के द्वारा लगभग 69 ग्रामीण जनों को रेनकोट छाता मिठाई व फल वितरण करने का सराहनीय कार्य किया गया। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक परस राम साहू, ग्राम के सरपंच, जनपद सदस्य माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक प्रेमचंद डडसेना, प्रदेश उपाध्यक्ष महेत्तर लाल देवांगन महादेव प्रसाद जायसवाल मनीषा वाईकर, किरण शर्मा अंगद राम साहू, सदस्य लोकनाथ तांडे, जय राम साहू, राखी शिक्षक तिवारी, उषा चंद्राकर, ग्रामीण जन श्रीमती धनमत, रमेश ठाकुर, धीरज तिवारी अमर सिंह चक्रधारी बंसीलाल लक्ष्मण सेन नरोत्तम वेदराम साहू, नरेश कुमार ध्रुव ग्रामीण जनों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### 29वां कांवड़िया सेवा शिविर का हुआ समापन

**रायगढ़।** नगर के अग्र समाज की संस्था मारवाड़ी युवा मंच द्वारा पिछले 28 वर्षों से सावन शिवरात्रि के अवसर पर रामझरना और परसदा जिंदल दूध डेरी में सेवा शिविर लगाया जाता है। इसके साथ ही कावड़ियों के रामझरना जाने के लिए निशुल्क बसों की व्यवस्था की जाती है। मंच का यह शानदार 29वां वर्ष था। इस वर्ष भी मारवाड़ी युवा मंच ने सेवा शिविर लगाया था। मारवाड़ी युवा मंच के सभी सदस्य रातभर इस शिवर में कावड़ियों की सेवा करते रहे। मारवाड़ी युवा मंच के वरिष्ठ सदस्य अशोक अग्रवाल ब्लूचिप ने बताया कि प्रतिवर्ष मंच द्वारा यह कार्यक्रम किया जाता है। शिवभक्त कावड़ियों की सेवा से आत्मशांति मिलती है। साथ ही हमें भी इसकी सेवा कर भोलेबाबा की मस्ती में रहने का अवसर मिलता है। मारवाड़ी युवा मंच को इस कार्य के लिए सभी का भरपूर सहयोग मिलता है। जिसके लिए मारवाड़ी युवा मंच ने वन विभाग, जिंदल स्टील एंड एनर्जी, अनूप बंसल और सभी का जिन्होंने शिविर में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग किया है, उनका आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### स्वास्थ्य शिविर में 151 बच्चों का हुआ परीक्षण

**रायगढ़।** राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, जिला रायगढ़ के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारीए डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में आज पीएम केंद्रीय विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर एवं डेंगू रोधी माह से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान विद्यालय के 151 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गयाए जिसमें हिमोग्लोबिन और सिकलिंग से संबंधित जांच भी की गई। जांच के दौरान 8 बच्चों में सिकलिंग पॉजिटिव की पुष्टि हुई। सभी बच्चों को संतुलित आहारए स्वच्छता और नियमित व्यायाम हेतु परामर्श दिया गया। इस अवसर पर डेंगू रोधी माह के अंतर्गत ड्राइंग, पेटिंग व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गयाए जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

# कलेक्टर ने सुलोनी हाईस्कूल में बच्चों को पढ़ाया अंग्रेजी और गणित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़



कलेक्टर डा. संजय कन्नौजे ने सोमवार को दोपहर में सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम पचपेड़ी, सुलोनी और उलखर स्थित स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया। पचपेड़ी के प्राथमिक शाला भवन और संकुल केन्द्र भवन का कलेक्टर ने निरीक्षण किया और बरसात में भवन की स्थिति का जायजा लेते हुए बच्चों की पढ़ाई का अवलोकन किया।

इसी प्रकार हाईस्कूल सुलोनी में कलेक्टर ने कक्षाओं के संचालन का अवलोकन किया। कलेक्टर डा. कन्नौजे ने कक्षा नवमीं में स्कूली बच्चों को काल टेन्स पढ़ाया। उन्होंने प्रेजेन्ट सिम्पल टेन्स में बच्चों को मैं स्कूल जाता हूं को विस्तार से समझाया। इसी प्रकार कक्षा दसवीं में बच्चों को गणित के सवाल कैसे हल किया जाता है को ब्लैक बोर्ड में पढ़ाया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उलखर में सभी शिक्षकों से परिचय प्राप्त करने के बाद कलेक्टर ने पढ़ाई के बारे में छात्र-छात्राओं से जानकारी लिए। कलेक्टर ने प्राचार्य और शिक्षकों को कहा कि स्कूली बच्चों को सामान्य कोर्स की शिक्षा के अलावा नैतिक शिक्षा भी दें ताकि उन्हें जीवन में आवश्यक ज्ञान स्कूल से प्राप्त हो। जैसे सड़क सुरक्षा सप्ताह, स्वच्छता, पर्यावरण, लैंगिक उत्पीड़न। इस दौरान कलेक्टर डा. कन्नौजे द्वारा कक्षा बारहवीं के छात्र सुमीत से सड़क सुरक्षा, बारहवीं की बायो की छात्रा से लीवर क्या काम करता है और कक्षा दसवीं की छात्रा से स्वच्छता के संबंध में जानकारी पूछने पर सभी के समक्ष स्कूली बच्चों ने बखूबी जवाब दिए। कलेक्टर ने सभी बच्चों को इस वर्ष अच्छे अंकों के साथ परीक्षा में उत्तीर्ण करने के लिए अच्छे से पढ़ाई करने के लिए कहाए वहीं शिक्षकों और प्राचार्य को कहा कि इस स्कूल में सभी विषय के शिक्षक हैं, कोई कमी नहीं है। इसलिए स्कूल का प्रतिशत अच्छा आना चाहिए। कलेक्टर के दौरे के समय उलखर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विश्व हेपेटाइटिस दिवस के बारे में स्कूली बच्चों को जानकारी देने के लिए एकत्र किया गया था और कलेक्टर डा. कन्नौजे के जाने के बाद स्कूली बच्चों को विस्तार से लिवर के देखभाल सहित हेपेटाइटिस बीमारी की रोकथाम आदि के संबंध में विस्तार से समझाया गया।

### छात्रावास का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने शासकीय प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास उलखर का आकस्मिक निरीक्षण किया। वहां अधीक्षिका के साथ परिसर सहित कक्षों का निरीक्षण कर खिड़की में जाली और पर्दा लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस दौरान दाखिल कर चुके बच्चों की संख्या 22 होने पर 50 दाखिला करने के लिए अधीक्षिका को निर्देशित किए। इसी प्रकार शौचालय में दरवाजा या अन्य किसी भी प्रकार के मरम्मत के लिए सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग के माध्यम से प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों को छात्रावास में नियमित रूप से रहने के लिए प्रोत्साहित करने अधीक्षिका को निर्देशित किया। कलेक्टर ने रजिस्टर चेक करते हुए कहा कि कोई बालिका यदि छात्रावास से अपने घर रवानगी करती हैए तो जाने का कारण रजिस्टर में अंकित होना चाहिए साथ ही अधीक्षिका को भी जानकारी होना चाहिए। कलेक्टर ने किसी बालिका के तबियत खराब होने पर उसका इलाज सरकारी अस्पताल में तुरंत कराने के लिए निर्देशित किया। दौरे में अपर कलेक्टर प्रकाश सर्वे उपस्थित थे।

## वृद्धा व अन्य पेंशन प्रकरणों का हो अविलंब निराकरण

# बिना वैध फार्मेसी लाइसेंस के संचालित दवा दुकानों पर करें कार्रवाई : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने समय सीमा की बैठक में सभी निर्माण एजेंसीज से कहा कि स्वीकृत कार्यों के लिए टेंडर की प्रक्रिया बारिश समाप्ति के पूर्व कर ली जाए। जिससे बरसात रुकने के तत्काल बाद निर्माण कार्यों को प्रारंभ कराया जा सके।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने ड्रग इंस्पेक्टर्स को दवा दुकानों की नियमित जांच के निर्देश दिए। उन्होंने बिना फार्मेसी क्वालिफिकेशन के दवा दुकानों के संचालन पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। वृद्धा पेंशन सहित अन्य पेंशन प्रकरणों पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने सभी सीईओ और सीएमओ देते हुए कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वय वंदना योजना अंतर्गत पिछले एक हफ्ते की प्रगति को नाकाफी बताते हुए कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कार्य में तेजी लाने के लिए कहा। उन्होंने दूर दराज के इलाकों में स्वास्थ्य अमले को 70 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों से संपर्क करते हुए योजना के तहत हितग्राहियों के कार्ड बनाने के निर्देश दिए। सिकल सेल स्क्रीनिंग का कार्य भी पूर्ण करने और लेप्रोसी और मलेरिया के लिए भी लगातार जांच अभियान चलाने के लिए कहा।

हाइपर टेंशन और शुगर के चिन्हित मरीजों नियमित फॉलोअप और उपचार के बारे में जानकारी लेते हुए कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि ऐसे मरीजों की लगातार मॉनिटरिंग करें और उन्हें आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि डेंगू नियंत्रण को लेकर नगर निगम और स्वास्थ्य का अमला लगातार अलर्ट रहकर कार्य करें।

### लंबित आवेदनों के निराकरण की समीक्षा

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने बैठक में जनदर्शन, पीजीएन पोर्टल में लंबित आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने समयबद्ध निराकरण पर जोर देते हुए कहा कि जनदर्शन में प्राप्त होने वाले आवेदनों को अविलंब सभी विभाग प्रमुखों को भेज दिया जाता है। ताकि तत्काल निराकरण को दिशा में पहल की जा सके। इसी प्रकार अन्य जनसमस्या निवारण के माध्यमों से प्राप्त आवेदनों पर उचित कार्रवाई विभागों द्वारा सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने विभागीय अधिकारियों से ई ऑफिस के माध्यम से कामकाज के निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग अब ई ऑफिस में ऑनबोर्डिंग कर कार्य प्रारंभ करें। उन्होंने एनआईसी को इसमें आवश्यक सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने धरमजयगढ़ में बन रहे दो मल्टी पर्पस सेंटर की प्रगति की जानकारी ली और कहा कि निर्माण कार्यों को तय समय सीमा में पूरा करवाया जाए।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी, अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो, अपर कलेक्टर रवि राही, अपर कलेक्टर डॉ. प्रियंका वर्मा, आयुक्त नगर निगम बृजेश सिंह क्षत्रिय सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर लगाया गया जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

28 जुलाई को सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला में विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उलखर और सेक्टर गोडम के समस्त स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा केपी हायर सेकेंडरी स्कूल बंधापाली में सिकलसेल, हिमोग्लोबिन और आंख का जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिन छात्रों का आयुष्मान कार्ड नहीं बना था उसे भी बनाया गया। शिविर में डॉक्टर एफआर निराला सीएमएचओ सारंगढ़, ओमप्रकाश कुर्रे एसएमओ गोडम, अरुण नायक एसएमओ कनकवीरा, रोशन सचदेव डीपीसी सारंगढ़ एवं सेक्टर गोडम के सभी स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में डॉक्टर एफआर निराला ने विश्व हेपेटाइटिस दिवस के मौके पर हेपेटाइटिस के बारे में छात्रों को जानकारी दिए। हेपेटाइटिस के अलावा आंख संबंधी जानकारीए टीबीए सिकलसेल व अन्य कई बीमारियों के बारे में जानकारी दिया गया। शिविर के दौरान जिला प्रशासन सारंगढ़ बिलाईगढ़ की ओर से प्रखर चंद्राकर ;आईएएसए ओआईसी हेल्थद्ध एसडीएम सारंगढ़ का भी आगमन हुआ एवं उन्होंने जांच शिविर का अवलोकन किया। शिविर में 62 बच्चों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया।136 छात्रों का हीमोग्लोबिन एवं सिकलसेल जांच, नेत्र जांच किया गया। कई छात्रों को आयरन एवं फोलिक एसिड का टैबलेट दिया गया।

# महेश ने 800 ग्रामीणों को कराया तीर्थ यात्रा

**कटेली।** सारंगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत कटेली से ग्रामीण गुप्तेश्वर शिव मंदिर कलमी रवाना हुए। बुजुर्ग एवं युवाओं के लिए निःशुल्क यात्रा व निःशुल्क भोजन की व्यवस्था किया गया था। जिला पंचायत सभापति विनोद भारद्वाज ने यात्रियों को रवाना किया।



इस दौरान जनपद पंचायत सभापति मुकेश साहू, पूर्व जनपद सदस्य नरेश चौहान, पूर्व जनपद सदस्य प्रतिनिधि रामायण सिंह सिदार, पूर्व जनपद सदस्य प्रतिनिधि बोधराम साहू, अलेख जायसवाल एवं अन्य गणमान्य नागरिक शामिल रहे। लगभग 800 की संख्या में ग्रामीणों को स्वयं के खर्चे से महेश राम साहू द्वारा तीर्थ यात्रा पर भेजा गया। पूर्व में भी सावन के पावन पर्व पर नरसिंहनाथ के साथ-साथ अन्य पवित्र स्थान में शिव मंदिर यात्रा जाने का अवसर मिला था( पिछले कई वर्षों से सावन के पावन महीने में हर वर्ष यह निःशुल्क का तीर्थ यात्रा महेश राम साहू कटेली के द्वारा किया जाता है। महेश राम साहू के द्वारा सावन के महीना में तीर्थ यात्रा जाने का अवसर प्राप्त होता है आसपास के गांव कटेली, कोतमरा, बोईरमाल, बेलपाली, सराईपाली, सोडिका के लोग भारी संख्या में शामिल होते हैं।

# सावन का तीसरे सोमवार को बरगढ़ धाम में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

**खरसिया।** सावन महीने के तीसरे सोमवार को सिद्धेश्वरनाथ बरगढ़ धाम में भक्तों की आस्था देखने लायक रही। खरसिया के स्थित बरगढ़ धाम के शिव मंदिर में सोमवार तड़के से ही श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ के जलाभिषेक और दर्शन के लिए लंबी कतारों में खड़े नजर आए। मंदिर परिसर हर हर महादेव के नारों से गूंज उठा। मंगला आरती के बाद बाबा के दर्शन के लिए मंदिर के कपाट खोल दिए गए। श्रद्धालुओं ने आस्था के जल बाबा को अर्पित कर मंगलकामना की आपको बताते चलें सिद्धेश्वरनाथ महादेव श्रद्धालुओं के मनोकामना पूर्ति के लिए क्षेत्र में विख्यात हैं यहां आकर श्रद्धालु बाबा से जो भी आशीर्वाद मांगते हैं भोले बाबा भक्तों की सारी मनोकामना को पूर्ण करते हैं। श्रद्धालु बाबा के आनलाइन दर्शन इंस्टाग्राम के बरगढ़ शिव मंदिर के पेज पर जाकर कर सकते हैं।



### बाल पुरस्कार के लिए 15 अगस्त तक करें आवेदन

**रायगढ़।** जिले के ऐसे मेधावी छात्र छात्राएं जिन्होंने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर असाधारण उपलब्धियाँ हासिल की हैं, वे प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए 15 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह पुरस्कार भारत सरकार द्वारा हर वर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार 5 से 18 वर्ष आयु वर्ग के उन बच्चों को दिया जाता है जिन्होंने समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला एवं संस्कृति, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया है।

# प्राचार्य को हटाने का भेजा गया था प्रस्ताव, अब तक नहीं हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय घरघोड़ा में लगातार सामने आ रही गड़बड़ियों के बीच अब एक चौंकाने वाला दस्तावेज़ सामने आया है, जिसमें यह स्पष्ट है कि विद्यालय के वर्तमान प्राचार्य संजय कुमार पंडा को हटाने का प्रस्ताव पहले ही जिला शिक्षा अधिकारी, रायगढ़ द्वारा संचालक लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर को भेजा जा चुका है।

यह पत्र 8 सितम्बर 5828 स्वाआशाउमावि 2023-24 के अंतर्गत जारी किया गया था, जिसमें साफ तौर पर उल्लेख है कि जनप्रतिनिधियों की शिकायत और स्थानीय विरोध के आधार पर प्राचार्य को अन्यत्र पदस्थ करने हेतु प्रस्ताव तैयार कर प्रेषित किया गया। फिर भी एक वर्ष बीतने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई है। शिक्षा विभाग की इस चुप्पी और निष्क्रियता पर अब सवाल खड़े हो रहे हैं। अभिभावक संघ तथा समाजिक संगठनों का आरोप है कि जब प्रस्ताव एक वर्ष पहले ही भेजा जा चुका था, तो आज तक कोई निर्णय क्यों नहीं लिया गया। क्या फाइल केवल औपचारिकता निभाने भेजी गई थी या फिर किसी राजनीतिक संरक्षण के चलते जानबूझकर मामले को दबा दिया गया।



■ शिक्षा विभाग की चुप्पी पर उठे सवाल

**विभाग की पुरानी मंजूरी हुई उजागर**

गौरतलब है कि विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया में अनियमितता, साक्षात्कार में धांधली और पारदर्शिता की कमी को लेकर वर्तमान में जांच चल रही है। कई अभिभावकों व छात्रों ने आरोप लगाए हैं कि उन्होंने समय पर दस्तावेज़ जमा किए फिर भी चयन नहीं किया गया। ऐसे में यह खुलासा हुआ कि विभाग पहले ही प्राचार्य को हटाने की सिफारिश कर चुका था, मामले को और गंभीर बना देता है।

### एनएसयूआई ने किया तीखा प्रहार

एनएसयूआई के जिला उपाध्यक्ष आदित्य दासे ने कहा यह एक स्कूल की बात नहीं, यह शिक्षा व्यवस्था की साख का सवाल है। जिला शिक्षा अधिकारी की अनुशंसा के बाद भी कार्रवाई नहीं होना दिखाता है कि कहीं न कहीं प्रशासनिक इच्छाशक्ति की कमी है या कोई जानबूझकर संरक्षण दे रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि 7 दिनों के भीतर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो एनएसयूआई रायगढ़ से लेकर रायपुर तक उग्र आंदोलन करेगा।

### अब सभी की निगाहें शिक्षा विभाग पर

अब यह देखना शेष है कि शासन व संचालक लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर इस प्रकरण पर क्या रुख अपनाते हैं। क्योंकि दस्तावेजों से स्पष्ट हो चुका है कि मामला केवल स्थानीय नहीं बल्कि उच्च स्तर पर पहले ही संज्ञान में लाया जा चुका है।

## कलेक्टर ने सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

# जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिले में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को राज्य शासन के निर्देशानुसार एवं हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जिला कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु दिशा-निर्देश दिए और जिम्मेदारियां सौंपी।



कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने बताया कि जिला स्तरीय मुख्य समारोह शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम रायगढ़ में प्रातः 9 बजे से आयोजित होगा। समारोह में शासन द्वारा विनिर्दिष्ट मंत्री या अतिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी लेंगे और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का संदेश वाचन किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुबह 7.30 बजे तक सभी कार्यालयों व संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। सुबह 8.00 बजे तक सभी अधिकारी-कर्मचारी जिला कलेक्ट्रेट परिसर में उपस्थित होंगे एवं 8.30 बजे तक मुख्य समारोह स्थल में एकत्रित होंगे। परेड में सेना, पुलिस, एनसीसी, नगर सेना और जेल प्रहरी की टुकडियाँ भाग लेंगी। स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। जिला स्तरीय आयोजन के प्रभारी अपर कलेक्टर रायगढ़ होंगे। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि जनपद पंचायत मुख्यालयों में जनपद पंचायत अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान होगा। नगर पालिका/नगर पंचायतों में अध्यक्ष ध्वज फहराएंगे (यदि मुख्यालय ब्लॉक पर नहीं है)। पंचायत स्तर पर सरपंच और बड़े गाँवों में ग्राम प्रमुख ध्वज फहराएंगे। स्वतंत्रता दिवस के महत्व और देश की एकता पर वक्तव्य दिए जाएंगे। रात्रि में शासकीय भवनों एवं स्मारकों को रोशनी से सजाया जाएगा। शैक्षणिक संस्थानों में प्रभातफेरी, ध्वजारोहण, सांस्कृतिक व खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। समापन पर प्रमाण पत्र, पदक और पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। समारोह में बजने वाले गीत सामयिक व सुरुचिपूर्ण होने चाहिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने जिला स्तरीय समारोह में शांति व सुरक्षा व्यवस्था हेतु पर्याप्त पुलिस बल, मंच एवं बैरिकेडिंग हेतु आवश्यक सामग्री, बैठक व्यवस्था, पेयजल, पार्किंग, साफ-सफाई, अस्थाई शौचालय, चिकित्सा दल व एंबुलेंस की व्यवस्था, मैदान समतलीकरण, बिजली व साउंड सिस्टम का उचित संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी और आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारी राष्ट्रीय एकता और गौरव का पर्व है, जिसे सम्मानपूर्वक मनाने के लिए सभी विभागों को समन्वय और सजगता के साथ दायित्व निभाना होगा।

